संख्या-19/2017/1056/84-1-17-5बामा/15

प्रेषक,

वेद प्रकाश शर्मा
संयुक्त सचिव,
उत्तर प्रदेश शासन।

सेवा में,

1- नियंत्रक,
विधिक माप विज्ञान विभाग,
उ0प्र0, लखनऊ।

2- आहरण एवं वितरण अधिकारी,
खाद्य एवं रसद सचिव शाखा,
उत्तर प्रदेश शासन।

उपभोक्ता संरक्षण एवं बाट माप अनुभाग-1

लखनऊ: दिनॉक: 21 अगस्त, 2017

विषय- वित्तीय वर्ष 2017-18 के आय-व्ययक के अनुदान संख्या-21 के अन्तर्गत सात माहों/शेष अवधि हेतु वित्तीय की स्वीकृति।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक आपके पत्र संख्या-704/निविमावि-लेखा-7(25)मॉग/2017-18, दिनॉक 17.08.2017 एवं खाद्य तथा रसद अनुभाग (लेखा) के पत्र संख्या-367/29-17(लेखा)/2017 दिनांक 18 अगस्त 2017 के क्रम में एवं वित्त(आय-व्ययक) अनुभाग-1 के कार्यालय ज्ञाप संख्या-8/2017/बी-1-1190/दस-2017-231/2017 दिनॉक 03 अगस्त, 2017 में निहित निर्देशों के अधीन, मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि श्री राज्यपाल महोदय विधिक माप विज्ञान विभाग तथा खाद्य एवं रसद सचिव शाखा के अधिष्ठान पर होने वाले व्यय को वहन करने हेतु वित्तीय वर्ष 2017-18 के लिये प्राविधानित धनराशि कुल रू0 4896.62 (रूपये अडतालिस करोड छियान्बे लाख बासठ हजार) के सापेक्ष शासनादेश संख्या-08/2017/919/84-1-17-5बामा/15 दिनांक 07.04.2017 द्वारा माह अप्रैल, 2017 से अगस्त, 2017 तक के व्यय हेतु कुल रू0 2192.75 (रूपये इक्कीस करोड बयान्बे लाख पचहत्तर हजार) मात्र की धनराशि की स्वीकृति के अनुक्रम में चालू वित्तीय वर्ष 2017-18 के शेष सात माहों/शेष अवधि के उक्त मद में व्यय वहन हेतु कुल रूपये 2703.87 लाख (सतताईस करोड़ तीन लाख सत्तासी हजार) अधोलिखित विवरण के अनुसार, निम्न शर्तो के अधीन आपके निवर्तन पर रखने की सहर्ष स्वीकृति प्रदान करते हैं:-

(धनराशि लाख रूपये में)

मद संख्या व मानक मद का नाम	वित्तीय वर्ष 2017-18 में विधिक माप विज्ञान विभाग हेतु प्राविधानित धनराशि	उक्त शासनादेश दि0 07.04.17 द्वारा विधिक माप विज्ञान विभाग हेतु माह अप्रैल, 2017 से अगस्त, 2017 तक लिये आवंटित धनराशि	उक्त शासनादेश दि0 07.04.17 द्वारा खाद्य एवं रसद सचिव शाखा के स्टाफ हेतु माह अप्रैल, 2017 से अगस्त, 2017 तक लिये आवंटित धनराशि	विधिक माप विज्ञान विभाग हेतु शेष माहों सितम्बर, 2017 से मार्च, 2018 तक के लिए आवंटित धनराशि	खाद्य एवं रसद सचिव शाखा के स्टाफ हेतु स्वीकृत धनराशि माह सितम्बर, 2017 से मार्च, 2018 तक के लिए आवंटित धनराशि	योग (5+6)
1	2	3	4	5	6	7
01-वेतन	4229.63	1929.00	3.00	2293.93	3.70	2297.63
02-मजदूरी	5.00	2.10	-	2.90	-	2.90
03-मंहगाई भत्ता	253.78	95.15	1.25	157.38	-	157.38
04-यात्रा व्यय	10.50	4.25	0.10	6.15	-	6.15
05-स्थानान्तरण यात्रा व्यय	1.00	0.40	-	0.60	-	0.60
06-अन्य भत्ते	216.00	90.00	0.25	125.05	0.70	125.75
07-मानदेय	0.01	-	-	0.01	-	0.01
08-कार्यालय व्यय	5.00	1.85	0.25	2.65	0.25	2.90
09-विद्युत व्यय	8.00	3.30	-	4.70	-	4.70
10-जलकर/जल प्रभार	1.00	0.40	-	0.60	-	0.60

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है ।

2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.nic.in से सत्यापित की जा सकती है ।

http://shasanadesh.up.nic.in

11-लेखन सामग्री और फार्मो की छपाई	5.00	2.00	-	3.00	-	3.00
12-कार्यालय फर्नीचर एवं उपकरण	9.00	3.70	-	5.30	-	5.30
13-टेलीफोन पर व्यय	3.00	1.20	-	1.80	-	1.80
14-स्टाफ कार/मोटर गाडियों का क्रय	20.00	-	-	20.00	-	20.00
15-गाडियों का अनुरक्षण एवं पेट्रोल की खरीद	32.20	13.40	-	18.80	-	18.80
16-व्यवसायिक तथा विशेष सेवाओं के लिये भुगतान	1.00	0.40	-	0.60	-	0.60
17-किराया उपशुल्क एवं कर स्वामित्व	40.00	16.00	-	24.00	-	24.00
26-मशीन सज्जा/उपकरण और संयत्र	20.00	5.00	-	15.00	-	15.00
42-अन्य व्यय	3.00	1.20	-	1.80	-	1.80
44-प्रशिक्षण हेतु यात्रा एवं अन्य प्रासंगिक व्यय	5.00	2.00	-	3.00	-	3.00
45-अवकाश यात्रा व्यय	1.00	0.40	-	0.60	-	0.60
46-कम्प्यूटर हार्डवेयर/साफ्टवेयर का क्रय	5.00	4.00	-	1.00	-	1.00
47-कम्प्यूटर अनुरक्षण /तत्संबंधी लेखन सामग्री का क्रय	10.00	4.00	-	6.00	-	6.00
49-चिकित्सा व्यय	12.00	8.00	-	4.00	-	4.00
51-वर्दी व्यय	0.50	0.15	-	0.35	-	0.35
कुल योग	4896.62	2187.90	4.85	2699.22	4.65	2703.87

(रूपये सत्ताईस करोड तीन लाख सत्तासी हजार मात्र)

2- वित्तीय वर्ष 2017-18 के अन्तर्गत व्यवस्थित धनराशि से व्यय केवल चालू योजनाओं पर ही किया जायेगा और किसी भी दशा में नई मदों के कार्यान्वयन के लिये न किया जाय। इस आबंटित धनराशि में मुख्यालय के व्यय हेतु आवश्यक धनराशि रोककर शेष अपने अधीनस्थ समस्त कार्यालयों को आवश्यकतानुसार धनराशि आबंटित कर दें तथा आबंटन की प्रति शासन को भी उपलब्ध करायी जाय। जनपद स्तर पर आहरण एवं वितरण अधिकारी होने की दशा में विभागाध्यक्ष स्तर पर एक मुश्त धनराशि का आहरण न किया जाय।

3- उक्त धनराशि को व्यय करने के पूर्व जिन मामलों में बजट मैनुअल और फाइनेन्सियल हैण्ड बुक के नियमों तथा अन्य स्थाई आदेशों के अन्तर्गत राज्य सरकार/केन्द्र सरकार अथवा अन्य सक्षम प्राधिकारी की स्वीकृति की आवश्यकता हो उनमें व्यय करने से पहले ऐसी स्वीकृति अवश्य प्राप्त कर ली जाय।

4- शासकीय व्यय में मितव्ययिता नितान्त आवश्यक है। अत: व्यय करते समय मितव्ययिता के संबंध में जारी शासनादेश संख्या-सी0ए0-1132/दस-2004-मित-2004, दिनॉक 07 जनवरी, 2005 का विशेष रूप से पालन किया जाय।

5- व्यय की मानक मद 04-यात्रा व्यय के लिये आबंटित धनराशि के समक्ष होने वाले व्यय को इस प्रकार नियंत्रित (रेगुलेट) किया जाय कि नियत यात्रा भत्ता/वाहन भत्ता का नियमित रूप से भुगतान सुनिश्चित हो सके।

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है ।

2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.nic.in से सत्यापित की जा सकती है ।

http://shasanadesh.up.nic.in

6- कम्प्यूटर हार्डवेयर/साफ्टवेयर के क्रय में शासन द्वारा समय समय पर निर्गत आदेशों का अनुपालन सुनिश्चित करते हुए नियमानुसार कम्प्यूटर हार्डवेयर/साफ्टवेयर का क्रय किया जाय।

7- आहरण एवं वितरण अधिकारियों द्वारा कोषागार से धनराशि का आहरण तत्काल आवश्यकता होने पर ही किया जायेगा। किसी भी दशा में धनराशि को आहरित कर बैंक/डाकघर में जमा नहीं किया जायेगा।

8- जितनी भी वित्तीय स्वीकृतियाँ जारी की जांय तथा जो बिल कोषाधिकारी को भुगतान हेतु प्रस्तुत किया जाय उसमें स्पष्ट रूप से पूर्ण लेखाशीर्ष (15 डिजिट कोड में) के साथ संबंधित अनुदान संख्या का भी उल्लेख अवश्य किया जाय।

9- बी0एम0-08 तथा बी0एम0-13 पर प्रतिमाह की 10 तारीख तक नियमित रूप से वित्त (व्यय-नियंत्रण) अनुभाग-7, वित्त (आय-व्ययक) अनुभाग-1 तथा उपभोक्ता संरक्षण एवं बाट माप अनुभाग-1, उत्तर प्रदेश शासन को सूचना उपलब्ध करायी जाय। बजट मैनुअल के विभिन्न प्रपत्रों के माध्यम से भेजी जाने वाली सूचना तथा उसके संबंध में कैलेण्डर के संकलित प्रारूप का उल्लेख मुख्य सचिव के अर्धशासकीय पत्र संख्या-बी-1-3318/दस-22/98, दिनॉक 28-7-98 में किया गया है।

10- यह सुनिश्चित किया जाय कि व्यय को कडाई के साथ प्राधिकृत विनियोग के भीतर रखा जाय। विभागाध्यक्ष/वित्त नियंत्रक, अपने स्तर पर वित्तीय स्वीकृतियों के समक्ष व्यय के अनुश्रवण की नियमित व्यवस्था सुनिश्चित करेंगें तथा यदि किसी मामले में सीमाधिक व्यय दृटिगोचर हो अथवा किसी विनियोग की प्राथमिक इकाई के अधीन अनुपातिक आधार पर व्यय में किसी बडे अन्तर की सम्भावना मालूम पडे तो उसे तत्काल वित्त (व्यय-नियंत्रण) अनुभाग-7, वित्त (आय-व्ययक) अनुभाग-1 तथा उपभोक्ता संरक्षण एवं बाट माप अनुभाग-1, उत्तर प्रदेश शासन के संज्ञान में लाया जाय।

11- वित्त(आय-व्ययक) अनुभाग-1 के कार्यालय ज्ञाप संख्या-8/2017/बी-1-1190/दस-2017-231/2017 दिनॉक 03 अगस्त, 2017 में दिये गये दिशा निर्देशों का यथावत् अनुपालन सुनिश्चित किया जाय।

12- उक्त व्यय चालू वित्तीय वर्ष 2017-18 में आय-व्ययक की अनुदान संख्या-21 के अन्तर्गत लेखाशीर्ष "3475-अन्य सामान्य आर्थिक सेवायें-106-भार और माप का विनियमन-03-अधिष्ठान व्यय" के अन्तर्गत सुसंगत इकाईयों के नामें डाला जायेगा।

13- यह आदेश वित्त विभाग के उक्त शासनादेश दिं0-03 अगस्त, 2017 द्वारा प्रदत्त अधिकारों के तहत निर्गत किये जा रहे हैं।

भवदीय,

(वेद प्रकाश शर्मा)
संयुक्त सचिव।

सख्या-19/2017/1056/84-1-17-5बामा/15 तददिनॉक

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित:-

1- प्रधान महालेखाकार (सिविल आडिट), प्रथम/द्वितीय उत्तर प्रदेश, इलाहाबाद।
2- महालेखाकार (लेखा एवं हकदारी), प्रथम/द्वितीय, उत्तर प्रदेश, इलाहाबाद।
3- महालेखाकार (लेखा परीक्षा), प्रथम/द्वितीय, उत्तर प्रदेश, इलाहाबाद।
4- वरिष्ठ कोषाधिकारी, जवाहर भवन, लखनऊ।
5- निदेशक, वित्तीय सांख्यकी निदेशालय, जवाहर भवन, लखनऊ।
6- अनु सचिव,/आहरण एवं वितरण अधिकारी, खाद्य एवं रसद सचिव शाखा, उत्तर प्रदेश शासन।
7- राष्ट्रीय सूचना केन्द्र (एन0आई0सी0) योजना भवन, लखनऊ।
8- वित्त (व्यय-नियंत्रण) अनुभाग-7, वित्त (आय-व्ययक) अनुभाग-1
9- खाद्य एवं रसद अनुभाग-3/लेखा अनुभाग, खाद्य एवं रसद विभाग।
10- गार्ड बुक।

आज्ञा से,

(वेद प्रकाश शर्मा)
संयुक्त सचिव।

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है ।
2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.nic.in से सत्यापित की जा सकती है ।

http://shasanadesh.up.nic.in